मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—**cm-459**
**20/07/2026**

# सोमनाथ यात्रा के लिए 1,150 श्रद्धालुओं के जत्थे को मुख्यमंत्री ने दिखाई हरी झंडी, कहा— बिहार की आस्था और स्वाभिमान का संदेश लेकर जा रहे हैं श्रद्धालु

**मुख्य बिंदु :—**

- मुख्यमंत्री ने पाटलिपुत्र जंक्शन से सोमनाथ यात्रा का शुभारंभ कर श्रद्धालुओं के जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- सोमनाथ स्वाभिमान पर्व (अटूट आस्था की गौरव गाथा) थीम के साथ आयोजित हुआ कार्यक्रम।
- मुख्यमंत्री ने श्रीमती शोभा सिंह को कलश तथा श्री अजीत कुमार को ध्वज सौंपा।
- यात्रा के साथ जा रहा ध्वज एवं कलश बिहार की आस्था, स्वाभिमान तथा समृद्धि के प्रतीक हैं।

पटना 20 जुलाई 2026 :— मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत आज पाटलिपुत्र जंक्शन, पटना से सोमनाथ यात्रा का शुभारंभ करते हुए 1,150 श्रद्धालुओं के जत्थे के स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से ट्रेन में जाकर भेंट की, सुविधाओं की जानकारी ली और उनके सुखद यात्रा की कामना की।

दीप प्रज्वलन, डमरू का वादन और शंख ध्वनि के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री ने बिहारवासियों की तरफ से श्रद्धालु श्रीमती शोभा सिंह को कलश तथा श्री अजीत कुमार को ध्वज सौंपा। कार्यक्रम का आयोजन सोमनाथ स्वाभिमान पर्व (अटूट आस्था की गौरव गाथा) की भावना के अनुरूप श्रद्धा, सांस्कृतिक चेतना एवं राष्ट्रीय गौरव के वातावरण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने भगवान सोमनाथ की यात्रा पर जा रहे सभी श्रद्धालुओं का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि पूरे बिहार से 1,150 श्रद्धालु इस पावन यात्रा में सम्मिलित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा के साथ जा रहे ध्वज एवं कलश बिहार की आस्था, स्वाभिमान और सांस्कृतिक गौरव के प्रतीक हैं। यह यात्रा कई राज्यों से होकर गुजरेगी, इसमें श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ख्याल रखा गया है। आप सभी श्रद्धालुओं से आग्रह है कि यात्रा के दौरान बिहार की आस्था और स्वाभिमान का संदेश फैलायें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान सोमनाथ के आशीर्वाद से गुजरात और देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और देश नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भगवान सोमनाथ की कृपा से बिहार भी विकास, समृद्धि और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के नए शिखर को प्राप्त करेगा। आप सबसे आग्रह है कि भगवान सोमनाथ के दर्शन के साथ—साथ काशी विश्वनाथ के भी दर्शन करें तथा बिहार के सुख, शांति, समृद्धि और सर्वांगीण विकास के लिए आशीर्वाद प्राप्त करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हजार वर्ष पूर्व सोमनाथ मंदिर को लूटा गया। नालंदा विश्वविद्यालय को भी आक्रांताओं ने बर्बाद किया। 75 वर्ष पूर्व सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया, जिसमें

बिहार के लाल डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद शामिल हुये थे। बिहार का इतिहास अत्यंत गौरवशाली रहा है और हम सबका संकल्प है कि इस गौरवशाली विरासत को पुनः प्रतिष्ठित किया जाए। प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी और पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय श्री नीतीश कुमार जी ने नालंदा विश्वविद्यालय को पुनर्स्थापित किया। यह यात्रा केवल धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि बिहार की सनातन परंपरा, सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक चेतना का संदेश पूरे देश तक पहुँचाने का माध्यम है।

इस अवसर पर कला एवं संस्कृति विभाग के सचिव श्री प्रणव कुमार ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र एवं स्मृति–चिह्न भेंटकर स्वागत किया।

कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ0 प्रमोद कुमार एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक श्री संजय सरावगी ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर सहकारिता मंत्री श्री रामकृपाल यादव, विधायक श्री संजीव चौरसिया, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह, कला एवं संस्कृति विभाग के सचिव श्री प्रणव कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारीगण एवं सोमनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालु उपस्थित थे।

*********